# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र ( मार्च 2023-24)

**CLASS : 10th(Secondary)** **Code NO.**

**Series : Sec/Annual -2024**

**रोल न.** | | | | | | | | | | |

**SAT - A**

## हिन्दी

(Academic / Open)

(Only for Fresh /Re-appear / Improvement / Additional Candidates)

**समय : 3 घंटे ]** **[ पूर्णांक : 80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 6 तथा 13 प्रश्न हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नं. को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोड़ें।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।
- परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। अनुक्रमांक के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।

*सामान्य निर्देश:*

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

(iii) प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ आवश्यकतानुसार यथोचित निर्देश दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न के उपभागों को यथासंभव क्रमिक और एक स्थान पर लिखने का प्रयास किया जाए।

(v) शुद्ध, सटीक और तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।



Downloaded from cclchapter.com

## खंड - क

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :-** **2x 7 = 14 अंक**

क) कर्मधारय समास किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट करें।

ख) मतानुसार, भारतेंदु (सन्धि-विच्छेद कीजिए)

ग) अति, उप (उपसर्गों से एक- एक नया शब्द बनाएँ)

घ) गृह, घोड़ा ( दो -दो पर्यायवाची शब्द लिखिए)

ङ) मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

I. अंधे की लाठी

II. आँखें खुलना

च) उपमा अलंकार की परिभाषा सोदाहरण लिखिए।

छ) दोहा छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :** **5 अंक**

क) विज्ञान वरदान या अभिशाप

ख) चन्द्रयान 3 : सफल परीक्षण

ग) राष्ट्रभाषा हिन्दी

घ) बाल दिवस

ङ) पर्यावरण

**प्रश्न 3. फ़ीस माफ़ी हेतु मुख्याध्यापक को पत्र लिखें।** **5 अंक**

अथवा

**नववर्ष की शुभकामना के लिए मित्र को पत्र लिखें।**

## खंड - ख

**प्रश्न 4 क्षितिज (काव्य खंड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।** **1x 6=6 अंक**

(i) 'पुरइनि पात' किसका पत्ता होता है ?

क) कमल

ख) गुलाब

ग) चंपा

घ) चमेली

(ii) 'राम-लक्ष्मण परशुराम संवाद' काव्यांश रामचरितमानस के कौन से कांड से लिया गया है ?

क) बालकांड

ख) अयोध्याकांड

ग) सुंदरकांड

घ) उत्तरकांड

(iii) 'सीवन उधेड़ना' का अर्थ है-

क) सिलाई उधेड़ना

ख) सिलना

ग) जीवन के रहस्य जानना

घ) इनमें से कोई नहीं

Downloaded from cclchapter.com

(iv) उत्साह एक आह्वान गीत है ,यह किसे संबोधित है -

क) बादल को

ख) बिजली को

ग) फागुन को

घ) सावन को

(v) कवि की झोपड़ी में क्या खिल रहे थे?

क) गुलाब

ख) जलजात

ग) चंपा

घ) जूही

(vi) संगतकार का क्या काम है?

क) गीत गाना

ख) परामर्श देना

ग) मुख्य गायक की आवाज़ में अपनी आवाज़ मिलाना

घ) प्रशंसा करना

**प्रश्न 5 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उतर दीजिए-** **1x 5=5 अंक**

हरि हैं राजनीति पढ़ि आए।
समुझी बात कहत मधुकर के, समाचार सब पाए ।
इक अति चतुर हुते पहिलैं ही, अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए।
बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी, जोग-सँदेस पठाए ।
ऊधौ भले लोग आगे के, पर हित डोलत धाए ।
अब अपनै मन फेर पाइहैं, चलत जु हुते चुराए ।
ते क्यौं अनीति करैं आपुन, जे और अनीति छुड़ाए ।
राज धरम तौ यहै 'सूर', जो प्रजा न जाहिं सताए ।

(i) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

(ii) इस पद का प्रसंग स्पष्ट कीजिए।

(iii) गोपियाँ क्या प्राप्त करना चाहती थीं?

(iv) अनुप्रास अलंकार का एक उदाहरण लिखिए।

(v) सच्चा राजधर्म किसे माना गया है?

**प्रश्न 6 निम्नलिखित काव्यांश का भाव व काव्य सौंदर्य स्पष्ट कीजिए-** **3 अंक**

गाधिसूनु कह हृदय हसि मुनिहि हरियरे सूझ ।
अयमय खाँड़ न ऊखमय अजहुँ न बूझ अबूझ ॥

**प्रश्न 7 (क) आत्मकथ्य कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।** **3+3= 6 अंक**

**(ख) सूरदास के पदों के आधार पर गोपियों का योग साधना के प्रति दृष्टिकोण स्पष्ट कीजिए।**



Downloaded from cclchapter.com

## खण्ड-ग

**प्रश्न 8 क्षितिज (गद्य -खंड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित उत्तर पुस्तिका में लिखिए।** **1x 6= अंक**

(i) हालदार साहब हर **15**वें दिन किस लिए कस्बे से गुजरते थे**?**

क) घरेलू काम से

ख) कंपनी के काम से

ग) बाजार के काम से

घ) खेत के काम से

(ii) बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ कब तक चलती थीं?

क) कार्तिक

ख) आषाढ़

ग) अश्विन

घ) फागुन

(iii) 'लखनवी अन्दाज़' पाठ में लेखक ने किस पर व्यंग्य किया है?

क) अफ़सरशाही पर

ख) पतनशील सामंती वर्ग पर

ग) रेल व्यवस्था पर

घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) लेखिका के पिताजी का शब्दकोश कैसा था?

क) शब्दवार

ख) विषयवार

ग) घटनावर

घ) मुहावरेदार

(v) हनुमान जयंती के अवसर पर शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय गायन-वादन की सभा कितने दिनों तक होती है?

क) चार दिनों तक

ख) सात दिनों तक

ग) पाँच दिनों तक

घ) नौ दिनों तक

(vi) सभ्यता को किसका परिणाम कहा गया है?

क) संस्कृति का

ख) समाज का

ग) देश का

घ) राष्ट्रीयता का

**प्रश्न 9 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उतर दीजिए।** **1x 5=5 अंक**

बालगोबिन भगत की संगीत-साधना का चरम उत्कर्ष उस दिन देखा गया जिस दिन उनका बेटा मरा। इकलौता बेटा था । वह कुछ सुस्त और बोदा-सा था, किंतु इसी कारण बालगोबिन भगत उसे और भी मानते। उनकी समझ में ऐसे आदमियों पर ही ज़्यादा नज़र रखनी चाहिए या प्यार करना चाहिए, क्योंकि ये निगरानी और मुहब्बत के ज़्यादा हकदार होते हैं। बड़ी साध से उसकी शादी कराई थी, पतोहू बड़ी ही शुभग और सुशील मिली थी।



Downloaded from cclchapter.com

क) पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।
ख) बालगोबिन भगत की संगीत साधना का उत्कर्ष कब देखा गया?
ग) बालगोबिन भगत अपने बेटे को किस कारण अधिक प्यार करते थे?
घ) बालगोबिन भगत के अनुसार कैसे आदमियों पर ज्यादा निगरानी की आवश्यकता है?
ङ) बालगोबिन भगत की पुत्रवधू कैसी थी?

प्रश्न 10 **स्वयं प्रकाश** अथवा **मन्नू भंडारी** का जीवन परिचय देते हुए उनकी रचनाओं, साहित्यक विशेषताओं एवं भाषा शैली पर प्रकाश डालिए। **5 अंक**

**प्रश्न 11 (क) 'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर पानवाले का रेखाचित्र प्रस्तुत कीजिए। 2+2=4 अंक**
**(ख)लेखक के अनुसार 'सभ्यता और संस्कृति की सही समझ अभी तक क्यों नहीं बन पायी है?**

## खंड - घ

**प्रश्न 12 कृतिका भाग-2 के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए। 3+3=6 अंक**

(क) आपके विचार से भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है?
(ख) प्राकृतिक सौंदर्य के अलौकिक आनंद में डूबी लेखिका को कौन-कौन से दृश्य झकझोर गए ?
(ग) 'मैं क्यों लिखता हूँ' शीर्षक पाठ का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड- ङ

**प्रश्न 13 (क) नैतिक शिक्षा (पाठ्य-पुस्तक) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उतर पुस्तिका में लिखिए। 1x 4=4 अंक**

1. योग किसको जोड़ने का काम करता है?
   (i) शरीर
   (ii) मन
   (iii) आत्मा
   (iv) उपरोक्त सभी
2. मनुबाई को 'छबीली' कहकर कौन पुकारते थे?
   (i) गंगाधर राव
   (ii) पेशवा साहब
   (iii) मोरोपंत
   (iv) बाजीराव
3. सालिम अली को किस रूप में जाना जाता है?
   (i) पक्षी विज्ञानी
   (ii) पशु विज्ञानी
   (iii) चिकित्सा शास्त्री
   (iv) इनमें से कोई नहीं



Downloaded from cclchapter.com

4. भगिनी निवेदिता का मूल नाम क्या था ?

(i) मनस्वी

(ii) मारग्रेट नोबल

(iii) निवेदिता

(iv) एनी बेसेंट

**(ख) निम्नलिखित सूक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए :-** **3 अंक**

ऐसी बानी बोलिए, मन का आपा खोय ।
औरन को शीतल करे, आपहु शीतल होय।।

**(ग) स्त्री शिक्षा के विषय में मदन मोहन मालवीय के क्या विचार थे?** **3 अंक**

**---------xxxx--------**

Downloaded from cclchapter.com